बरेली, सोमवार
23 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO: I BOTTOM

# 'स्वर अर्पण' स्वरों से गीतों की वर्षा



एसआरएमएस रिद्धिमा में स्वर अर्पण कार्यक्रम के दौरान गीत सुनाते गायक • सौ. संस्थान

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम स्वर अर्पण का आयोजन हुआ। इसमें गायकों ने स्वरों से तराने छेड़कर गीतों की वर्षा की। कार्यक्रम का आरंभ फिल्म प्रेमगीत के सुप्रसिद्ध गाने 'होठों से छू लो तुम' से गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नव कनौजिया, अद्विका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने किया।

विद्यार्थी अर्णव ने 'केसरिया तेरा इश्क है पिया' को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया। विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'ओ रंगरेज तेरी रंग दरिया में' को अपनी आवाज दी। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डा.रजनी अग्रवाल ने 'जब मेरी हकीकत जा जा कर' गीत को प्रस्तुत किया। अतिथि कलाकार इंदू परडल ने 'मैंने लाखों के बोल सहे' को अपने अंदाज में गाया। गुरु शालिनी पांडेय ने 'नियत ए शैख भर न जाए', गुरु प्रियंका ग्वाल ने 'नजरिया लग जाएगी', गुरु स्नेह आशीष दुबे ने राग मधुवंती की झाप ताल और तीन ताल में 'शिव आदि मदवत वलवत जोगी' को श्रोताओं के सामने रखा।

अंत में गुरु प्रियंका ग्वाल और शालिनी पांडेय ने 'भरे नैना' को अपने स्वर दिए। स्वर अर्पण में वादन गुरुओं उमेश मिश्रा (सारंगी), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), टुकमनी सेन (हारमोनियम), सूरज पांडेय (बांसुरी), सुमन बिस्वास (तबला व कजन), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (कीबोर्ड व ड्रम) और विशेष सिंह (गिटार) ने अपने वाद्ययंत्रों के साथ अच्छी संगत दी। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. एमएस बुटोला, डा. शरद जौहरी, डा. पीके परडल, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. रीटा शर्मा आदि मौजूद रहे।